तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 7.9 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 23 फरवरी 2025

13 गौ, ब्राह्मण, नारी और धर्म की रक्षा हमारा परमधर्म ...

14 कांग्रेस ट्विट करने वाली पार्टी, हम जनता के ...

27 years of Excellence in Education

RPS GROUP OF SCHOOLS
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

Staying Ahead of the Curve
Elevating Success with Every Result

Celebrating outstanding JEE MAIN RESULT-2025 (Session-I)

99.5%ile & Above 22
98%ile & Above 86
95%ile & Above 171

SCHOLARSHIP Cum ADMISSION TEST
Only for Class- XI (2025-26)
MED. /NON-MED. COMMERCE HUMANITIES
Sunday, 23rd March 2025 at 10:00AM @ All RPS Branches
Limited Seats



HAND-HOLDING FOR A BRIGHTER FUTURE **DROPPER BATCH** INITIATED AT **MAHENDERGARH** FOR **NEET /JEE** ASPIRANTS

Our Campuses: **Mahendergarh** Ph.:01285-222645, 9416150201 | **Rewari** Ph.:8222000359 | **Rewari City** Ph.:9053555526 | **Dharuhera** Ph.:9467064534 | **Kosli** Ph.:9255148141 | **Behror** Ph.:9529678004 | **Hansi** Ph.:9813196969, 9896100407 | **Narnaul** Ph.: 8198976666 | **Hisar** Ph.:8307760465 | **Gurugram Sec.-50** Ph.:8409989898, 7827466258 | **Gurugram Sec.-89** Ph.:8222999182 | **Karnal** Ph.:8398000304/06 | **Dharuhera Campus-2** Ph.: 01274-295 925/824, 09257133925 | **Rohtak** Ph.: 7419998800 | **Dadri** Ph.: 8222048283, 84 | **Kanina** Ph.9350693853, 9671720807 | **Gurugram, Sec.-50, Rosewood Campus-2**: Ph.: 70424 96986

Web.: www.rpsgroup.edu.in

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI** & **HANSI** CAMPUSES

खबर संक्षेप

लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास घर में लगाई सेंध

घरौंडा। शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल पनपने लगा है। चोरों ने मेन बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास एक घर में सेंध लगाकर लाखों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। वार्ड नंबर 14 निवासी रितु पत्नी सतवीर सिंह ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई है।

क्षेत्र के लोगों को सुविधाए देना मेरा प्राथमिक उदेश्य

करनाल। शनिवार को हरियाणा विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अपने निवास पर आए क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निवारण करने के दौरान बताया कि किसी भी व्यक्ति को अपनी ताकत का उपयोग सही दिशा मे करना चाहिए ताकि लोगों का भला हो सके गलत दिशा मे ताकत का इस्तेमाल किसी के भी हित मे नही होता । उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति जिस काबिल है वो अपनी सहभागिता लोकहित और विकास में जरूर रखे।

शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

घरौंडा। क्षेत्र के गांव के स्कूल में नाबालिक छात्रा के साथ स्कूल के ही गेस्ट टीचर द्वारा कथित छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने टीचर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी क्षेत्र के गांव के स्कूल में 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। स्कूल के ही गेस्ट टीचर उनकी बेटी के साथ कथित दोस्ती करने का दबाव बनाया और दसवीं कक्षा में पास कराने की बात भी कहीं,छात्रा ने जब टीचर की बात का विरोध किया तो टीचर ने बोर्ड की परीक्षा का रोल नंबर न देने पर धमकाया।

बसताड़ा टोल प्लाजा के समीप दो कारें भिड़ी

घरौंडा। बसताड़ा टोल प्लाजा के समीप दो कारों में ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें एक कार चालक बुरी तरह से घायल हो गया। शनिवार की सुबह बसताडा टोल प्लाजा के समीप पानीपत से करनाल की तरफ आते हुए दो कारों में आपस में टक्कर हो गई।बताया जा रहा है कि आगे चल रही कार ने सड़क पर अचानक ही ब्रेक लगा दिए जिस कारण पीछे से आ रही दूसरी कार ने पहली कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पहले वाली कार डिवाइडर में जा टकराई। कार में घटना के समय तीन व्यक्ति सवार थे जिसमें कार चालक बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दुर्घटना के समय कुछ समय के लिए सड़क पर जाम लग गया।

शिविर में 230 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

घरौंडा। आर्य समाज मंदिर के पास प्राइवेट सीनियर सेकंडरी स्कूल घरौंडा के प्रांगण में निजी अस्पताल के सहयोग से बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस कैंप में लगभग 230 बच्चों की जांच की गई। बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर ओजस्वी राणा ने जांच की। डॉ ने बताया कि इस कैंप में ज्यादा बच्चे जुकाम, खांसी, बुखार व वायरल इन्फेक्शन, पेट में दर्द एवं कैल्शियम की कमी मिली।

मतदाताओं की सुविधाओं के लिए प्रशासन ने बनाए 265 पोलिंग बूथ

करनाल नगर निगम चुनाव: 3 लाख एक हजार 915 मतदाता डालेंगे वोट

एक लाख 56 हजार 19 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 45 हजार 890 महिला मतदाता शामिल। 6 ट्रांस जेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम के चुनावों में इस बार 3 लाख एक हजार 915 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इन मतदाताओं में एक लाख 56 हजार 19 मतदाता पुरुष तथा एक लाख 45 हजार 890 महिला मतदाता शामिल है। इसके अलावा 6 ट्रांस जेंडर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए कुल 265 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इन पोलिंग बूथों पर मतदाता 2 मार्च को अपने मत का प्रयोग करेंगे तथा स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए मतगणना 12 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम में मेयर का और सभी 20 वार्डो के निगम पार्षदों के चुनाव होगें। उन्होंने वार्डवाइज मतदाताओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड न0-1 में 15 हजार 244 मतदाता है, इनमें 7 हजार 941 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 302 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। उन्होंने बताया कि वार्ड न0-2 में 14 हजार 650 मतदाता है, इनमें 7 हजार 513 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 137 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-3 में 15 हजार 842 मतदाता है, इनमें 8 हजार 300 पुरूष मतदाता तथा 7 हजार 542 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-4 में 10 हजार 459 मतदाता है, इनमें 5 हजार 442 पुरुष मतदाता तथा 5 हजार 17 महिला मतदाता है इनके लिए 8 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-5 में 16 हजार 38 मतदाता है, इनमें 8 हजार 483 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 555 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। उन्होंने बताया कि वार्ड न0-6 में 17 हजार 228 मतदाता है, इनमें 9 हजार 43 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार 184 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-7 में 17 हजार 152 मतदाता है, इनमें 8 हजार 816 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार 336 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-8 में 14 हजार 274 मतदाता है, इनमें 7 हजार 242 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 32 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-9 में 18 हजार 641 मतदाता है, इनमें 9 हजार 413 पुरुष मतदाता तथा 9 हजार 228 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-10 में 16 हजार 91 मतदाता है, इनमें 8 हजार 120 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 971 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है।

वार्ड -11 में 14 हजार 48 मतदाता

उपायुक्त ने बताया कि वार्ड न0-11 में 14 हजार 48 मतदाता है, इनमें 7 हजार 205 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 843 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-12 में 12 हजार 734 मतदाता है, इनमें 6 हजार 566 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 137 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-13 में 12 हजार 856 मतदाता है, इनमें 6 हजार 526 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 328 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 2 ट्रांस जेंडर मतदाता है।

वार्ड 14 में 15 पोलिंग बूथ

वार्ड 14 में 16 हजार 159 मतदाता है, इनमें 8 हजार 366 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 792 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-15 में 17 हजार 287 मतदाता है, इनमें 9 हजार 44 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार 243 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है।

वार्ड 16 में 15 हजार 505 मतदाता

उन्होंने बताया कि वार्ड 16 में 15 हजार 505 मतदाता है, इनमें 8 हजार 168 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 337 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-17 में 14 हजार 577 मतदाता है, इनमें 7 हजार 576 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार एक महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-18 में 12 हजार 861 मतदाता है, इनमें 6 हजार 637 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 224 महिला मतदाता है इनके लिए 11 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-19 में 16 हजार 529 मतदाता है, इनमें 8 हजार 426 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार 103 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-20 में 13 हजार 740 मतदाता है, इनमें 7 हजार 192 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 548 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है।

तरावड़ी। 521 चावल स्टाल सीएमडी पंकज गोयल व हर्ष गोयल व्यापारियों से चर्चा करते हुये। *फोटो : हरिभूमि*

दुबई के गल्फ फूड के मेले मे 521 चावल व फूड प्राडक्टस का स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

पूरे विश्व के व्यापारी व उद्योगपति दुबई के गल्फ फूड के मेले में भाग लेने जाते हैं। इस मेले मे सभी फुड प्रोडक्ट निर्माताओं एवं एक्सपोर्टर ने अपने अपने चावलों के ब्रांड को लेकर स्टॉल लगाते हैं। हर साल की तरह इस बार भी पूरे विश्व के चावल व्यापारी फूड प्रोडक्ट लेकर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर दुबई के गल्फ मेले में भाग लेने पहुंचें है। शनिवार को इस मेले का पांचवा दिन है।

हजारों की संख्या मे विदेशी व्यापारी इस मेले मे पहुचें। इस बार यह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर दुबई का गल्फ मेला 17 फरवरी से 21 फरवरी तक लगाया गया। इस मेले में तरावड़ी शहर के राइस मिलर्स अपने अपने चावल ब्रांडों को लेकर अपने-अपने स्टाल लगाये थे। गल्फ मेले में भाग लेने वाले के एस ओवरसीज के 521 बासमती चावल के निर्माता एवं एक्सपोर्टर पंकज गोयल ने बताया की हमने गल्फ मेले दुबई में इस बार भी 521 फूड प्रोडक्ट्स स्टॉल लगाया है। यह स्टॉल स्टैंड नंबर जेपी एच 41 हाल जबल प्लाजा में लगाया था। जिसमें हम अपने सभी चावल, आटा, मैदा, सूजी, पोहा सहित कई फूड प्रोडक्ट्स को लेकर वहां के व्यापारियों से रूबरू हुये। हमें उम्मीद है कि विदेशी व्यापारियों से मिलकर अच्छा आर्डर मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा यहां पर विश्व के फूड प्रोडक्ट निर्माता पहुंचते हैं उनके साथ क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग पैकिंग के बारे में भी विचार विर्मश करके अपनी क्वालिटी व गुणवत्ता को और बढ़िया किया जा सकेगा।

शिव महिमा का गुणगान

- प्रभातफेरी शिव मंदिर इंद्री से शुरू होकर कस्बे के बाजारों से होती हुई मंदिर सुधार सभा प्रधान पवन सिंगला के घर पहुंची ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

इंद्री। निकाली जा रही प्रभात फेरी मे शिव महिमा का गुणगान करते श्रद्धालु।

मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा कस्बे में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है । प्रभात फेरी मे शिव पालकी के साथ श्रद्धालु नाचते गाते शिव महिमा का गुणगान करते हैं । यह प्रभातफेरी शिव मंदिर इंद्री से शुरू होकर कस्बे के बाजारों से होती हुई मंदिर सुधार सभा प्रधान पवन सिंगला के घर पहुंची । भक्तों ने जगह जगह पर फूलों की वर्षा के साथ प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया। आचार्य पारस शर्मा ने मनमोहक भजन प्रस्तुत कर शिव महिमा का गुणगान किया। इसके बाद प्रसाद वितरण व जलपान कार्यक्रम आयोजन किया गया । आचार्य पारस शर्मा ने बताया कि मंदिर सुधार सभा इंद्री के सहयोग से कस्बे में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है यह प्रभात फेरी महाशिवरात्रि पर्व तक निकाली जाएगी । सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि शिवरात्रि के दिन शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो मेहता फॉर्म इंद्री से शुरू होकर शहर के बाजारों से होती हुई शिव मंदिर इंद्री में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को काफी संख्या में शिव भक्त हरिद्वार से पैदल गंगा जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इस कार्यक्रम में मंदिर सुधार सभा सदस्य व कस्बा वासियों का अहम योगदान है।

निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का तृतीय चरण शुरू

करनाल। संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23 फरवरी 2025 को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट,आईटीओ,दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था।

ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी: जगमोहन

- इंडस्ट्रीयल ऐरिया में शिवरात्रि से पहले लगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा है कि करनाल के विकास के लिए नगर निकाय चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों का जीतना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए करनाल के मतदताओं को प्रदेश के सभी जिलों में नगरी निकाय के चुनावों में भाजपा को जीतना जरूरी है।

वह करनाल के सैक्टर तीन के इंडस्ट्रीयल ऐरिया में करनाल एग्री कल्चरल इम्प्लीमैंट मैन्यूफैक्चर्स ऐसासिएशन द्वारा महाशिव रात्रि सेपहले आयोजित भडारे के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। पहले ऐसोसएशिन के प्रधान रविंद्र ढल तथा उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ने मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद को पुश्प गुच्छ भेंटर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेयर पद की उम्मीदवार रेनू वाला गुप्ता ने कहा कि कराना के लोगों ने उनके दस सालों को देखा है। प्रदेश में मनोहर और नायाब सिंह की सरकार ने चहुमुखी विकास किया हैं। उन्होंने कहा कि कंद्र में मोदी की राज्य में नायाब सिंह सैनी तथा नगर में लोकल सरकर मिल कर करनाल का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल को विकास का सिरमौर बनाएंगे। इस अवसर पर पार्षद उम्मीदवार ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में इंद्रपल सिंह ने कहा कि करनाल के लोग मिल कर नगरी निकाया चुनावों में भाजपा की सरकार बनाएंगे। इस कार्यक्रम का संचालन हरियाणा चैंबर आफ कामर्स के सचिव हरमीत सिंह हैप्पी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर हरियाणा के चैंबर आफ कामर्स के चेयरमैन सुशील जैन,प्रदेश अध्यख आर एल शर्मा,आर एस शर्म, वरिंदर सिंह,विजय शर्मा, मनोज अरोड़ा सोम सचदेवा, मनमीत सिंह कपिल अत्रेजा, भावुक महतर, राजेंद्र भल्ला मनीष गाबा, राकेश अनेजा, सोम सचदेवा सहित विभिन्न जन मौजूद थे। इस अवसर पर करखानों के मजदूरों आसपस के रहने वालों में लंगर का प्रसाद वितरित किया।

एस.एम.एस. स्कूल में लगे दो दिवसीय स्काउट कैंप का समापन

तरावड़ी। एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्काउट कैंप का समापन किया गया। कैंप में विद्यालय के बच्चों को शिविर के प्रथम दिवस स्काउट गाइड का इतिहास और उद्देश्य व इसके जन्मदाता के बारे में बताया गया। इसके सिद्धांत, प्रतिज्ञा, नियम आदि बताए गए और दूसरे दिन छात्र-छात्राओं को मोरनी हिल ले जाया गया ,जहां शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रमुख प्रशिक्षक स्काउट सियाराम शास्त्री ने विद्यार्थियों को रस्सी गांठ, स्काउट ताली, सीमित साधनों में टेन्ट बना कर रहने के बारे में बताया। साथ ही आपदा की स्थिति में आग लगने, बाढ़ तथा भूकंप आने के दौरान बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक टेंट का निर्माण कर अपना हुनर दिखाया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने विद्यार्थियों द्वारा स्काउट एवं गाइड शिविर में किए प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड अनुशासित रहकर किसी भी परिस्थिति में दूसरों की सहायता करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। वे मन, वचन और कर्म से शुद्ध रहकर सच्ची निष्ठा से कर्तव्य पूरा करता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक ने बच्चों से स्काउट कैंप में सीखे गए गुर के बारे में भी पूछा।

हमारी दृष्टि सूक्ष्म हो: रसिक बिहारी

- शिव को प्रसन्न करने के लिए अहंकार का करना होगा त्याग: रसिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

शिव महापुराण कथा श्रवण व शिव भक्ति के लिए पहले अहंकार दूर करना होगा। क्योकि जब तक अहंकार होता है तक भोलनाथ प्रसन्न नही होते है। जिस प्रकार आदि देव महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है उसी उनको भक्त भी भोले पसंद है। जब तक अहंकार दूर नही होगा तब तक शिव की भक्ति प्राप्त होना कठिन है। यह बात गांव सग्गा के शिव मे चल रही शिव महापुराण कथा के छठे दिन वृन्दावन धाम के कथा व्यास रसिक बिहारी जी महाराज ने कही। शिव कथा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि शिव और पार्वती के दो पुत्र हुए एक का नाम कार्तिकेय और दूसरे का नाम गणेश है। कार्तिकेय पुरुषार्थ का प्रतीक माना गया है। पुराणों में श्री गणेश की अनेक कथाएं प्राप्त होती हैं। एक कल्प में साक्षात श्रीकृष्ण उनके पुत्र बनते हैं दूसरे कल्प में पार्वती के उद्घटन से उनकी उत्पत्ति होती है। एक कल्प में शनि की दृष्टि से सिर कटता है और दूसरे में स्वयं शिवजी सिर काटते हैं। माता के कोप से बचने के लिए हाथी का सिर जोड़ा जाता है। हाथी का सिर बड़ा होता है लेकिन आंखें छोटी होती हैं। यह सूक्ष्म दृष्टि का प्रतीक है। हमारी दृष्टि सूक्ष्म होनी चाहिए। कान सूप के जैसे मानो फालतू बात गणेश नहीं सुनते।

बुद्धा कॉलेज, करनाल में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

करनाल। बुद्धा कॉलेज करनाल द्वारा टर्फ क्लब, सेक्टर 32, करनाल में एक रोमांचक बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जो खेल प्रेमियों के लिए एक रोमांचक अनुभव साबित हुआ। इस इवेंट ने छात्रों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों को एक साथ लाया, जिसमें टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया गया। विभिन्न संस्थानों की टीमों ने इसमें भाग लिया, जो प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। इसके अलावा, विभिन्न विभागों के शिक्षकों के बीच एक विशेष मैच भी आयोजित किया गया, जिसे बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन की टीम ने जीता। इस कार्यक्रम में श्री नितेश गुप्ता, निदेशक , अभिनव गुप्ता, रजनीश शर्मा, डॉ. रिजवान, डॉ. प्रीति गुनवाल सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति रही। अंत में, विजेता टीम, बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की बुद्धा ब्लास्टर्स, को भव्य ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी विद्यार्थियों ने बड़े आनन्द एवं उत्साह तथा उल्लास के साथ भाग लिया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में एमओयू

जापान के प्रतिनिधिमंडल ने किया एमएचयू का दौरा

- दोनों विवि द्वारा ईजाद की जाने वाली आधुनिक तकनीक किसान भाइयों के लिए होगी वरदान साबित : प्रो . सुरेश मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा के साथ कोच्चि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ओर कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के बीच ग्रीन हाउस खेती में जापान की इंटरनेटस ऑफ प्लांटस (आईओपी) नामक तकनीक पर अनुसंधान के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ, समझौते ज्ञापन एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ओर जापान की कोच्चि विश्वविद्यालय की ओर से कोच्चि विश्वविद्यालय के प्रो.अध्यक्ष प्रो. उकेडा हिरोयूकी ने हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के बाद शनिवार को कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के प्रतिनिधिमंडल ने कोच्चि विश्वविद्यालय के प्रो.अध्यक्ष प्रो. उकेडा हिरोयूकी की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल के एमएचयू में पहुंचने पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने बागवानी महाविद्यालय का दौरा किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौते ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन से होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जद्दोजहद कर रहे है।

एमएचयू कुलपति के गंभीर प्रयासों से हुआ समझौता

कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एमएचयू द्वारा शिक्षा, अनुसंधान ओर प्रचार प्रसार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों ओर उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। कोच्चि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. उकेडा हिरोयूकी ने माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की काफी सराहना करते हुए कहा कि माननीय कुलपति के प्रयासों से भारत ओर जापान के दो बड़े विश्वविद्यालय आपस में मिलकर अनुसंधान करेंगे, जो दोनों देशों के किसान भाइयों के लिए काफी लाभदायक साबित होंगी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक व डीन प्रो. रमेश गोयल, रजिस्ट्रार सुरेश सैनी, डीन पीजीएस डा. धर्मपाल, छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

निकाय चुनाव में चौतरफा चढ़ा भाजपा का रंग : विधायक

- करनाल नगर निगम के वार्ड 7 के प्रत्याशी मनोज ने भाजपा उम्मीदवार को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जैसे-जैसे नगर निगम चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, चौतरफा भाजपा का रंग चढ़ गया है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भाजपा की मेयर पद की उम्मीदवार और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड नं. 7 में आजाद प्रत्याशी मनोज उर्फ मोनू (चुनाव निशान - उगता सूरज) ने अपना पूर्ण समर्थन मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता एवं वार्ड 7 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जोगेन्द्र शर्मा को दिया है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अन्य प्रत्याशियों का भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का सिलसिला जारी है। इससे साफ पता चलता है कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होने जा रही है।

बस में महिला के बैग से लाखों के गहने चोरी

घरौंडा। चलती बस में महिला के बैग से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। गगसीना निवासी प्रमिला पत्नी प्रदीप कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह सुबह करीब 10:30 बजे घरौंडा के पुराने बस अड्डे पानीपत जाने के लिए बस में सवार हुई थी और सीट पर बैठकर उसने कंडक्टर से टिकट भी ली। कोहण्ड के पास जाकर जब उसने अचानक अपना बैग चेक किया तो उसमें रखा हुआ पर्स गायब हो चुका था। महिला ने बताया कि पर्स के अंदर सोने की छ अंगूठियां, एक सोने की चेन एक जोड़ी चांदी की पायल व टॉपस के अलावा पांच हजार की नगदी भी रखी हुई थी।

खबर संक्षेप

मारपीट में घर लौट रहा युवक घायल

पानीपत। पानीपत के गांव कवि निवासी अजय पुत्र सत्यवान फैक्ट्री से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। रास्ते में अयज पर चार लोगों ने हमला बोल दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं अयज की शिकायत पर मतलौडा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानीपत से विवाहिता लापता, केस दर्ज

पानीपत। पानीपत के गांव कवि निवासी विवाहिता लापता हो गई। वहीं, विवाहिता को उसके माता-पिता, विवाहिता को उसकी सुसराल घरौंडा जाने के लिए मतलौडा बस अड्डे तक छोड़ने गए। रास्ते में विवाहिता लापता हो गई। पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लूट के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने लाल बत्ती चौक के पास ऑटो चालक से मारपीट कर लूट करने की वारदात में संलिप्त फरार चल रहे और दो आरोपियों साहिल निवासी गांधी कॉलोनी व मुन्ना उर्फ कल्लू निवासी महाबीर कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना शहर में सचिन पुत्र रमेश निवासी गांधी कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

राजकीय विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

पानीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में बुनियाद लेवल-टू की परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ऋषभ मिश्रा को विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान सम्मानित किया गया इसके इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य पांच छात्रों यश, निधि, पिंकी, सोनी व खुशबू ने भी बुनियाद लेवल दो की परीक्षा पास की। इन सभी का चयन बुनियाद लेवल-थ्री की परीक्षा के लिए हुआ है।

नगदी छीनने वाले दो पकड़े

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी ददलाना मोड़ के पास पैदल जा रहे युवक से मोबाइल व नगदी छीनने वाले दो आरोपियों आसिब निवासी झुग्गी घरौंडा व अरबास निवासी गाजियाबाद यूपी हाल झुग्गी घरौंडा करनाल को गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि इस मामले में आयुष पुत्र अशोक निवासी गौरा बाजार गोपालगंज बिहार हाल किरायेदार महादेव कॉलोनी, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

कट्टे के साथ नाबालिग गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने गंदा नाला रोड बबैल गांव के पास एक नाबालिग युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि नाबालिग आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर डिटेन किया। डिटेन के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसकी बेल हो गई।

मादक पदार्थ सप्लायर पकड़ा, केस दर्ज

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 318 ग्राम चरस नशा तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर सोमा पुत्र मेधराज निवासी हरिनगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि सोमा ने मादक पदार्थ तस्कर अनिल उर्फ काला निवासी गांव जागसी सोनीपत को 318 ग्राम चरस बेची थी। थाना मतलौडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

बिना अनुमति स्टेशन ना छोड़ें अफसर

पानीपत। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि कोई भी विभागाध्यक्ष उनकी अनुमति के बिना जिला मुख्यालय से बाहर ना जाए। कई बार प्रायः देखने में आया है कि अधिकारी बिना किसी सूचना और अवकाश के जिला मुख्यालय से बाहर जाते हैं जोकि गम्भीर है।

उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद का 73वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

उत्तर भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त करना पानीपत के लिए गर्व का विषय : धमीजा

- उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद ने वार्षिक समारोह में पानीपत ब्रांच के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया की उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद द्वारा 73वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन परिषद के चेयरमैन सीए अभिनव अग्रवाल की अध्यक्षता में दिल्ली के विज्ञान भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट सीए चरनजोत सिंह नंदा ने शिरकत की। वहीं, इस समारोह में वर्ष 2024-25 में उत्तरी भारत में स्थित 25 ब्रांचों को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें पानीपत ब्रांच को पूरे उत्तर भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पानीपत ब्रांच के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा ने अपनी पूरी टीम के साथ जाकर इस सम्मान को प्राप्त किया और इस उपलब्धि के लिए ब्रांच के सभी मेंबर्स, स्टाफ, मीडिया और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में ब्रांच हित में काम करने वाले सभी साथियों का धन्यवाद किया। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि ये पूरे पानीपत के लिए बहुत ही गर्व का विषय है जिसने अपना परचम पूरे उत्तर भारत में फहराया है। इस मौके पर सीए विनोद ग्रोवर, सीए हंसराज चुघ, सीए विवेक खुराना, सीए देवेंद्र कपूर, सीए सोनू गोयल, सीए भूपिंदर दीक्षित, सीए रविंद्र सिंह, सीए मितेश मल्होत्रा, सीए अंकुर बंसल, सीए कंवरदीप सिंह, सीए जतिंदर बांगा, सीए दीपक गोयल, सीए सुकेश गुप्ता, सीए आयुश्री खन्ना, ममता प्रजापति, जोनी धमीजा मौजूद रहे।

पानीपत। उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद ने वार्षिक समारोह में पानीपत ब्रांच के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा सम्मान ग्रहण करते हुए।

अंसल व टीडीआई पर भू-राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू

- दोनों बिल्डर कंपनियों ने एनजीटी द्वारा किए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया, अंसल पर 3 .44 करोड व टीडीआई पर 5 .47 करोड रूपये जुर्माने की रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पानीपत में दो बडी बिल्डर कंपनियों अंसल सुशांत सिटी व टीडीआई सिटी, फरीदपुर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। स्मरणीय है कि एनजीटी ने अंसल सुशांत सिटी पर 3.44 करोड़ रुपए, जबकि टीडीआई पर 5.47 करोड़ रुपए का जुर्माना किया था। वहीं, अंसल ने सिर्फ पांच लाख रुपए का भुगतान किया। जबकि टीडीआई ने एनजीटी के आदेशों की अनदेखी करते हुए जुर्माना नहीं दिया। की। वहीं एनजीटी के आदेश के पर उपायुक्त पानीपत के माध्यम से तहसीलदार ने दोनों बिल्डरों के खिलाफ भू-राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। अब इन बिल्डरों की जमीन जब्त कर जुर्माना राशि वसूली जाएगी। गौरतलब है कि पर्यावरण प्रेमी समाजसेवी वरुण गुलाटी की शिकायत पर की गई जांच और उनकी रिपोर्ट के आधार पर दोनों बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आपको बता दें कि जांच कमेटी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण (एचएसपीसीबी), जिले के एडीसी, आरओ और एचएसवीपी के एईओ शामिल थे। जिन्होंने दोनों बिल्डरों की कई खामियां पाईं और भारी जुर्माना लगाया। संयुक्त टीम ने दोनों जगहों से भूमि और जल प्रदूषण की जांच की थी। दोनों जगहों पर पानी की निकासी के लिए सीवरेज की पूरी सुविधा नहीं है। दोनों ही जगह अवैध तरीकों से पानी का निपटान किया जा रहा है। जांच कमेटी टीम ने 12 अप्रैल 2024 और फिर 19 अप्रैल 2024 को पहले अंसल सुशांत सिटी का जायजा लिया था। यहां का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद मिला। कंपनी ने कंसेंट टू ऑपरेट का प्रमाणपत्र भी रिन्यू नहीं कराया। कंसेंट टू इस्टेबलिश का प्रमाणपत्र भी नहीं मिला। यहां दो फेस है। जिसमें पहले फेस का एसटीपी बंद मिला। फेस टू का चालू हालत में था, जिसका सैंपल भी लिया गया था। दोनों फेस में सीवरेज फ्लो मीटर नहीं था।

युवाओं के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनेगा

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विकसित भारत इंडिया ऑफ माय ड्रीम्स विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के विकास की अवधारणा पर सोचने, विश्लेषण करने और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र नितिन वर्मा ने उत्कृष्ट लेखन कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की ही नेहा शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएससी द्वित्य वर्ष की पार्वती ने तीसरा स्थान हासिल किया। डॉ. जोगेश एवं डॉ. अंजलि ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। वहीं, प्रतियोगिता के समापन पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब युवा शिक्षा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देंगे, तभी हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे। हमें अपने देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।

पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक, विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

पुलिस कप्तान ने 16 गांवों में सुरक्षा व्यवस्था जांची

- ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं, नशा न करने और गांव को नशामुक्त बनाने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत शनिवार को थाना सदर क्षेत्र के गांव बडौली, गांजबड़, ददलाना, रेरकलां, धर्मगढ़, बालजाटान समेत 16 गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों व गांव की पंचायत से रूबरू हुए। साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। एसपी सिंह ने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि पुलिस व आमजन में दूरी न रहकर आपसी समन्वय रहे। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों व गैरकानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढ़ग से अंकुश लगाया जा सकता है। उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह, थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण व एसपी रीडर एएसआई सुभाष भी मौजूद रहें। एसपी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अग्रणी भूमिका निभाए ताकि नशे को समाज से पूरी तरह खत्म किया जा सके।

पानीपत। पानीपत के पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह ग्रामीणों से संवाद करते हुए।

गिरफ्तारी पूर्व कानूनी सहायता योजना की ट्रेनिंग दी

पानीपत। न्यायमूर्ति अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में सभी थाना अधिकारी, पैनल अधिवक्ता (न्याय रक्षक) व पैरा लीगल वालंटियर (अधिकार मित्र) के लिए गिरफ्तारी पूर्व योजना पर दो दिनों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनू ने सभी को गिरफ्तारी पूर्व कानूनी सहायता की योजना से पूर्ण रूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति जिसको गिरफ्तार किया जाता है तो उसको गिरफ्तार करने से पहले अपने अधिकारों के बारे में, वकील की उपलब्धता के बारे में सहायता लेने व जानने का पूरा अधिकार है।

यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही हरियाणा सरकार यमुना मुद्दे पर अलर्ट हो गई है। इसे लेकर हरियाणा सरकार के अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर शनिवार को पानीपत पहुंचे। यहां डीसी कैंप कार्यालय में यमुना एक्शन प्लान को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और इसकी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इसको लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, निगमायुक्त डॉ. पंकज यादव, एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित विभिन्न सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खुल्लर ने कहा कि पानीपत में यमुना के पानी को पीने योग्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें और धरातल पर काम कर इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर दें। उन्होंने कहा कि हम सबने पर्यावरण के साथ-साथ जल के महत्व को भी उतना ही समझना चाहिए जितना की हमारे शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता है। जल में होने वाले प्रदूषण को लेकर अधिकारी जमीनी स्तर पर काम करने में जुट जाएं। क्योंकि यमुना का पानी पीने योग्य बने इसको लेकर सभी तरह के प्रयास किए जाएं।

पानीपत। प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर बैठक करते हुए।

विदेश भेजने का झांसा देकर 40 लाख ठगे

पानीपत। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर शौदापुर गांव निवासी युवक मनीष से 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के नामजद आरोपी को शुक्रवार देर शाम को काबड़ी फ्लाई ओवर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राजबीर निवासी शौदापुर के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में मनीष पुत्र मदन निवासी शौदापुर ने 16 फरवरी को केस दर्ज करवाया था।

फोन का अधिक प्रयोग ना करें

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मोबाइल का उचित प्रयोग करने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया कि किस प्रकार मोबाइल फोन धीरे-धीरे हमें अपनी पकड़ में ले लेता है, छात्रों की पढ़ाई को बाधित करता है। उपस्थित दर्शकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उठाए गए इस ज्वलंत विषय और छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने बताया कि छोटे बच्चे भी मोबाइल का प्रयोग अधिक करते हैं। इसके अधिक प्रयोग से हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में अध्यापिका अनीता अरोड़ा, अमिता, सुनीता कुंडू, मीनाक्षी और राधिका ने अपना योगदान दिया।

पानीपत। दयाल सिंह स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ .विनीता तोमर के साथ नाटक मंडली।

साइबर क्राइम रोकने को हाई रेज्यूलेशन कैमरे लगाएं

- डीएपी के आदेश, कैमरो में ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग रहे सेव, फुटेज भी साफ होने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में जिला के सभी बैंक अधिकारियों की समन्वय बैठक लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने साइबर ठगी पर अंकुश लगाने के लिए बैंक कर्मियों और पुलिस कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करके काम करने पर जोर दिया। डीएसपी वत्स ने बैठक के दौरान बैंक व एटीएम परिसर व कैश वैन पर किये सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की और कहा कि बैंक परिसर में पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची लगवाएं। इसके साथ ही हाई रेज्यूलेश के कैमरे लगे हो व इसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग सेव रहे। जिससे फुटेज साफ आ सके ताकि गड़बड़ी करने वाले आरोपी को पकड़ा जा सकें। बैंक अधिकारी स्वयं व बैंक के गार्ड बारे जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके। इसके अलावा बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच अवश्य करवाएं। कैंश को लाने ले जाने में सुरक्षा के सभी मानकों की पालना करें। ज्यादा कैश देने पर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। निर्धारित किये समय अनुसार ही एटीएम मशीन में कैश लोड करें। वत्स ने कहा कि बैंकों का अलार्म सिस्टम दुरूस्त हो व जहां कैश रखा जाता है, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो।

पानीपत। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक करते डीएसपी सतीश वत्स।

प्रतियोगिता खिलाड़ियों को उचित मंच मिलने से ही देश का विकास संभव

नरेश जैन मैमोरियल वॉलीवाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला वॉलीवाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित नरेश जैन मेमोरियल वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन शिवाजी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी ओपी माटा व सीजेएम पानीपत मीनू ने किया। ओपी माटा ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए कहा कि खेल इंसान को अनुशासन सिखाता है जो सफल जीवन का मूलमंत्र होता है। महिला वर्ग के मैच का शुभारम्भ इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिडटाऊन अध्यक्ष डाक्टर अनु कालडा और समाजसेवी अनिता जैन ने करते हुए कहा कि बेटियाँ आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। तभी एक अच्छा खिलाड़ी बन सकता है जो देश का नाम रोशन करते हैं। सीजेएम पानीपत मीनू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उचित मंच मिलने से ही देश विकास संभव है। ज़िला वॉलीवाल एसोशिएशन पानीपत उसी दिशा में कार्य कर रहा है। पंडित राजा राम ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हुए खेले। खिलाड़ी की असली पहचान निरंतर अभ्यास व तकनीक होता है। उन्होंने आयोजक समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। खेल को हमेशा खेल भावना से खेलने से ही सफलता मिलती है। प्रतियोगिता में मंच संचालन कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने किया। इस अवसर पर तेजबीर मलिक, राजेश मलिक, राजेश टूर्ण, नवनीत कुंडू, रत्न सिंह रावल, राजू बली, विक्की खर्ब, सुनील मलिक, लहरी भादड़, साहिल जैन, बलवान घनघस, सतीश अरोड़ा, विकास बिधान, विजेंद्र सूरा मौजूद रहे।

पानीपत। नरेश जैन मेमोरियल वॉलीवाल टूर्नामेंट के शुभारंभ पर अतिथियों के साथ खिलाड़ी। **फोटो :हरिभूमि**

ये हुए मैच

आयोजन समिति के सदस्य राजेश मलिक ने बताया कि महिला वर्ग में जलालपुर प्रथम ने नव ज्योति स्कूल को 2-0 से हराया। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब ने चोरकारसा को हराया। टीकरी कलाँ दिल्ली शिवाजी स्टेडियम पानीपत को 2-0 से हराया। आर्य पीजी कॉलेज ने एसबीएस चोरकारसा को 2-0 से हराया।

छात्रों ने जानी संसदीय कार्यप्रणाली

- मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय बजट सत्र 2025-26 के विषय को लेकर नाट्य रूपांतरण के माध्यम से मॉक-पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लोकसभा के बजट सत्र की कार्यवाही को प्रदर्शित किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह ने प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता का कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। वहीं, प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों छात्र-छात्राओं को संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत करा लोकसभा संसद जैसी पवित्र संस्था की गरिमा का प्रदर्शन करना था। इस क्रम में छात्रों ने संसद की कार्यवाही की प्रक्रिया व सरकार एवं विपक्ष की भूमिका को जाना, जिससे विद्यार्थी संसद की कार्यवाही से परिचित होंगें। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की इस मॉक पार्लियामेंट में सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष की ओर से बेस्ट प्रर्फॉर्मर, बेस्ट स्पीकर एवं बेस्ट ऐक्टर का चयन किया गया। जिसमे की बेस्ट प्रर्फॉर्मर के रूप में बीए अर्थशास्त्र तृतीय वर्ष की छात्रा शिवानी एवं एमए अंतिम वर्ष से साहिल का चयन हुआ। साथ ही बेस्ट ऐक्टर के रूप में बीए एवं बीएससी तृतीय वर्ष से अंश एवं नीतीश का चयन हुआ और साथ ही बीए अर्थशास्त्र तृतीय वर्ष की छात्रा यामिनी और आदित्य का चयन बेस्ट स्पीकर के रूप में हुआ। इस अवसर पर डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. अंजू मलिक, डॉ. गरिमा, प्राध्यापिका हीना एवं नैन्सी मौजूद रहे।

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता संबोधन करते हुए।

खबर संक्षेप

बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरूः अजय सिंह

अंबाला। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शनिवार को लेट मुकेश आनंद मेमोरियल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित हरियाणा स्टेट मास्टर्स/वैटर्नस बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर बैडमिंटन एसोएशिन के पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय सिंह तोमर व वशिष्ठ अतिथि ललित जैन को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। गांव खुड्डा के आसिफ अली शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 जनवरी 2023 को सुभाष पार्क से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सट्टा खेलने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार को सट्टा खेलने के मामले में काबू कर 3050 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत केस भी दर्ज किया है। इसी आधार पर रेड कर उसे काबू किया गया।

4.86 ग्राम डोडा चूरा पोस्त जब्त

अंबाला। थाना बराड़ा क्षेत्र के अनाज मंडी के पास से सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी विष्णु दत्त को 4 किलो 86 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विष्णु दत्त को भी तीन दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना थी कि आरोपी मंडी मोड़ के पास मादक पदार्थ सहित बाइक पर गुजरेगा। इसके बाद पुलिस ने अनाज मंडी के पास मोटर साइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उसकी विधिपूर्वक तलाशी ली तो उसके कब्जे से 4 किलो 86 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया। आरोपी की पहचान विष्णु दत्त के तौर पर हुई जोकि गुरदेव मोहल्ला का है।

अंबाला नगर निगम की मेयर के चुनाव में दोनों पार्टियों ने झोंकी पूरी ताकत

एकजुटता से प्रचार ने बदली सियासी हवा, भाजपा-कांग्रेस में कड़ी हुई टक्कर

विधायक शैली चौधरी ने भाजपा पर साधा निशाना कहा भाजपा राज में सफाई, एनडीसी व एनओसी जैसी समस्याएं बनी कैंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस की एकजुटता से अब अंबाला शहर नगर निगम की मेयर के चुनाव की तस्वीर बदलती दिख रही है। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला की जीत के लिए अब तमाम बड़े कांग्रेसी नेता मैदान में डट गए हैं। शनिवार को कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रामकिशन की पत्नी एवं विधायक शैली चौधरी ने चावला के प्रचार की कमान संभाली। उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं के जरिए अमीषा चावला की जीत के लिए दम भरा। आने वाले दिनों में स्टार प्रचारकों के मैदान में आने के बाद अंबाला शहर की सियासी फिजा पूरी तरह से बदलने की बात कही जा रही है।

शैली ने भाजपा पर बोला हमला

नारायणगढ़ से विधायक शैली चौधरी ने शनिवार को अंबाला शहर में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने वार्ड नंबर 15, शक्ति कॉलोनी, जंडली में मेयर पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला के लिए वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने सत्ताधारी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विकास का दम भरने वाली भाजपा सरकार के राज में भय व भ्रष्टाचार चरम पर है। खासकर शहरी एरिया में सफाई एनडीसी व एनओसी जैसी समस्याएं जनता के लिए कैंसर बन गई हैं। उन्होंने कहा अब निकायों से भाजपा के राज को जड़ से उखाड़ने का समय आ गया है।

जत्थेदार भी भर रहे जीत की हुंकार

अंबाला शहर के विधायक एवं सियासी हल्कों में जत्थेदार के नाम से मशहूर चौधरी निर्मल सिंह भी चावला की जीत के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। इसके साथ ही शनिवार को पूर्व विधायक जसबीर मलौर व पूर्व विधायक चौधरी लहरी सिंह ने भी कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला के लिए वोट मांगे। उन्होंने डोर टू डोर भी प्रचार किया। इन नेताओं ने 2 मार्च को कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने के लिए जनता से भी अपील की।

अंबाला। कपड़ा मार्केट में प्रचार करती कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला। फोटोः हरिभूमि

नए युग की होगी शुरूआत

प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला भी विरोधियों पर खूब दहाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर की जनता के आशीर्वाद से हम एक नए युग की शुरुआत करेंगे। इसमें विकास, पारदर्शिता और जनहित सर्वोपरि होगा। हमारा उद्देश्य है कि अंबाला को एक सशक्त, समृद्ध और आधुनिक शहर बनाया जाए।जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शनिवार को अमीषा चावला ने बस स्टैंड से कपड़ा मार्केट तक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमीषा चावला के नेतृत्व में यह अभियान जनता से संवाद स्थापित करने और आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील के लिए किया गया। जनता और व्यापारियों का भारी समर्थन देखकर यह स्पष्ट है कि अंबाला में बदलाव की लहर चल रही है। कांग्रेस पार्टी अंबाला को एक नए विकास पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अभियान में हिम्मत सिंह, , देवेंद्र वर्मा, निगम सदस्य मिथुन वर्मा, कुलदीप सिंह (गुल्लू), विनोद धीमान, बबल सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। इस दौरान कपड़ा बाजार के व्यापारियों ने भी कांग्रेस पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल क्लीन स्वीप करेगी पार्टी

विज ने भाजपा उम्मीदवारों को दिया जीत का मंत्र, बोले-हार के डर से कांग्रेस चुनाव से भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री अनिल विज ने शनिवार को नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी 32 उम्मीदवारों को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल है। चुनाव में भाजपा क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। वे स्वयं छावनी से भाजपा विधायक हैं। यदि नगर परिषद में भाजपा की अध्यक्ष व नप सदस्य होंगे तो विकास की मशीनरी एक साथ तेजी से चलेगी। विज ने सभी भाजपा प्रत्याशियों के साथ केंद्रीय चुनाव कार्यालय में संयुक्त बैठक की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सभी उम्मीदवार पूरी तरह से उत्साहित हैं। बैठक में फीडबैक ली गई है। हमें पूरा विश्वास है कि नगर परिषद अम्बाला छावनी चुनाव में हम क्लीन स्वीप करने जा रहे है। उन्होंने कहा भाजपा के डर से कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करने की हिम्मत तक नहीं कर सकी। मैदान में उतरी ही नहीं। कांग्रेस ने अभी से भाजपा को विजय मान लिया है। कुछ इक्का-दुक्का आजाद प्रत्याशी खड़े हैं। इस दौरान दौरान अध्यक्ष पद प्रत्याशी स्वर्ण कौर, चुनाव संयोजक संजीव सोनी ओम सहगल, जसबीर जस्सी, मदनलाल शर्मा, राजीव गुप्ता, सुरेंद्र बिंद्रा, राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, किरण पाल चौहान, अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा, नरेंद्र राणा भी मौजूद थे।

उम्मीदवारों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज

चुनाव को लेकर हुई रेंडामाइजेशन

अंबाला। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय के सभागार में द्वितीय रेंडामाइजेशन के दौरान पोलिंग पार्टियों को ट्रेनिंग दी गई। । इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक डा. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार व नगर निकाय चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

कांग्रेस ट्विट करने वाली पार्टी, हम जनता के लिए जमीनी स्तर पर करते हैं काम

सीएम सैनी ने पार्टी प्रत्याशी के लिए जनता से वोट की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सीएम नायब सैनी ने शनिवार को नपा चुनाव में अध्यक्ष पद के मैदान में उतरे पार्टी प्रत्याशी सरदार हरजिन्द्र सिंह के पक्ष में प्रचार किया। लोगों से नुक्कड़ सभा के जरिए वोट मांगे। सैनी ने इस मौके पर कहा कि आप लोग तो केवल भाजपा के प्रत्याशी हरजिन्द्र सिंह को वोट देकर विजयी बनाए, बाकी यहां के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मेरे ऊपर छोड़ दो। सीएम ने कांग्रेस पार्टी पर वार करते हुए कि कांग्रेस तो अब केवल टवीट् करने वाली पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग घर बैठकर टवीट् कर सोचते है कि हमारा तो काम चल गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव के उज्जवल भविष्य का चुनाव है, यह विकास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव यह तय करेगा कि बराड़ा किस गति से विकास की ऊचांईयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी विकसित भारत की बात करते है और वह इसको लेकर दिन-रात लगे हुए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि हमारी पार्टी के पास गति से काम करने की योजना, नीति व स्पष्ट विजन भी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले एक ही क्षेत्र का विकास होता था हमने इसे बदला। हमने युवाओं की नौकरी की राह में बाधा बने विपक्ष को आईना दिखाया और शपथ से पहले ही बेरोजगारों को ज्वाइनिंग लेटर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 100 दिन में 240 वादों में से 18 वादे पूरे किए। उन्होनें कहा कि यह भाजपा की सरकार है, जो हम बोलते है, उस काम को हम सौ प्रतिशत पूरा करते है। उन्होंने कहा कि हमने बजट बनाने पर काम कर दिया है, बजट योजना बनते ही महिलाओं को 2100 रूपये मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोगों को सौ-सौ गज के प्लाट दिए

बराड़ा। कार्यक्रम में भाषण देते हुए सीएम नायब सैनी

पीडब्लूडी इंजी. ने पीडब्लूडी कांट्रेक्टर को हराया

पंचकूला। पी डब्लू डी इंजीनियर और पी डब्लू डी कांट्रेक्टर के बीच हुए क्रिकेट मैच में पी डब्लू डी इंजीनियर ने 77 रनों से जीत लिया। रामगढ़ के मोहित ग्राउंड में हुए मुकाबले में कार्यकारी अभियंता आशीष चौहान की टीम ने पहले टॉस जीत कर खेलना शुरू किया और टीम ने 8 विकेट गंवाकर 212 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें परमिल ने 34 बॉल पर 55 रन, कलम ने 28 और सुनील ने 27 रन बनाए। प्रशांत ने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके मुकाबले पी डब्लू डी कॉन्ट्रैक्टर की टीम प्रशांत शर्मा कैप्टन के नेतृत्व में निर्धारित 20 ओवर में 135 रन पर पूरी टीम सिमट गई। इसमें अजय ने 37, अनिल ने 26 रन बनाए। सुनील ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए, आशीष चौहान ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार पी डब्लू डी इंजीनियर टीम विजई हुई।

स्वामी दयानंद जन्म जयंती पखवाड़े के तहत छात्रों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वामी दयानंद जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के विचार हमें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर ही हम सशक्त और समृद्ध समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद के साथ उनके प्रखर शिष्य महात्मा हंसराज, पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी, रामप्रसाद बिस्मिल और लाला लाजपत राय की भूमिका निभाते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। झांकी के माध्यम से आर्य समाज और वेदों का जयघोष करते हुए, विद्यार्थी दयानंद के सैनिक बनकर विद्यालय के प्रार्थना सभागार से मुख्य द्वार से बाहर तक शुभ संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस भव्य झांकी का निर्देशन मंजू सचदेवा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसने स्वामी दयानंद की विचारधारा को जीवंत कर दिया। इसके साथ ही विद्यालय के प्रार्थना सभागार के मंच पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षिका माधुरी शर्मा द्वारा निर्देशित एक नुक्कड़ नाटिका का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर तैयार की गई इस नाटिका में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद की शिक्षाओं पर अमल करने का संदेश दिया तथा 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' के संकल्प के माध्यम से समाज को जागरूक किया।

स्वामी दयानंद जन्म जयंती पर छात्रों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा।

नारायणगढ़। खिलाड़ी छात्राओं से वार्ता करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

खेल उत्सव में छात्रों ने दिखाया दम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छात्रों ने मचाई धूम

नारायणगढ़। शनिवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी में खेल, सांस्कृतिक एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा व जिला खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति रहे। विद्यालय के मुखिया दीपा कौशिक, गांव के मौजूद व्यक्ति, विद्यालय स्टाफ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय में बच्चों ने खेलकूद में भाग लेते हुए विद्यालय के खेल प्रांगण में दौड, रिले दौड, लॉन्ग जंप, खो खो और वॉलीबॉल जैसे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने हरियाणवी लोकगीतों पर नृत्य किया, रागिनी और गीतों से सब का मन मोह लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को प्रेरित किया गया और बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी बच्चों को पुरस्कार दिए और इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में अनिवार्य हैं। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

नारायणगढ़। मेधावी छात्रा सानिया के साथ प्रधानाचार्या व शिक्षक।

चार साल तक मेधावी छात्रा को मिलेगी स्कॉलरशिप, मुखिया ने किया सम्मानित

नारायणगढ़। सीआरसी लाहा की मुखिया प्रधानाचार्य मंजू ने मेधावी छात्रा सानिया को किया सम्मानित है । राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर राजपूताना की आठवीं कक्षा की छात्रा सानिया को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग की ओर से आगामी चार वर्ष की शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कॉलरशिप दी गई है। सानिया को आगामी शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से आगामी चार वर्ष तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रधानाचार्य मंजू ने मेधावी छात्रा सानिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सानिया को आगामी शिक्षा ग्रहण करने के लिए हर तरह की मदद करने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक सुरेन्द्र धीमान, पूर्ति मिश्रा, दीपक वालिया, रीना देवी, कविता गर्ग, शशि बाला भी मौजूद रही।

धर्म कर्म | पिलखनी गांव में महाशिवरात्रि पर आयोजित हुआ धार्मिक कार्यक्रम

भगवान शिव सभी मनुष्यात्माओं के आराध्य

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पिलखनी गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा शिवलिंग किसी एक विशेष धर्म के लिए आराध्य-प्रतीक नहीं बल्कि परमात्मा तो सर्व मनुष्यात्माओं का चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण अथवा कर्म से संबंधित हो, सभी का आराध्य है। परमात्मा के संबंध में विभिन्न धर्मों में प्रचलित 'नूर", 'डिवाइन लाइट' , 'ओंकार' और '"ज्योर्तिस्वरूप' भाषा के स्तर पर ही भिन्न हैं। भाव अर्थात स्वरूप के स्तर पर नहीं। जिस प्रकार "शिव' शब्द का आध्यात्मिक अर्थ "कल्याणकारी होता है उसी प्रकार दार्शनिक दृष्टिकोण से रात्रि शब्द 'अज्ञानता, पापाचार और बुराइयों' का प्रतीक है । अतः शिवरात्रि अर्थात घोर तमोप्रधान धर्मग्लानि के समय लोक कल्याणार्थ परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार पर्व। जब इस संसार में धर्म का स्थान कर्मकांड , कर्म का स्थान आडंबर ले लेता है। संसार में चारों ओर पापाचार, अनाचार और भ्रष्टाचार का ही पाप लोगों के सिर पर चढ़कर बोलने लगता है तो वही काल परमात्मा शिव के अवतरण का समय होता है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी आत्माओं के अज्ञान-अंधकार अथवा आसुरी गुणों की पराकाष्ठा का प्रतीक है। इसके पश्चात शुक्ल पक्ष परमात्मा शिव द्वारा "ईश्वरीय ज्ञान' और 'योग' द्वारा पवित्र और सुख-शान्ति संपन्न नई सृष्टि के प्रारम्भ का प्रतीक है। वर्तमान सृष्टि के कालखंड में तमोप्रधानता और अज्ञानता अपनी चरम सीमा के अन्तिम छोर पर पहुंच चुकी है। चारों ओर पांच विकारों का हाहाकार एवं घमासान मचा हुआ है। धर्म सत्ता, कर्तव्य-विमुख हो चुकी है। राज सत्ता, पथ भ्रष्ट और कर्म-भ्रष्ट हो चुकी है। विज्ञान सत्ता, विनाश की ओर कदम बढ़ा चुकी है। चारों ओर अंधकार ही अंधकार है। दिन के प्रकाश में भी बुराइयों और अज्ञानता रूपी रात्रि का चारों ओर साम्राज्य छाया हुआ है। यही घोर अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा शिव के अवतरण का समय है। वर्तमान समय में परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर अज्ञानता के विनाश और नई सतयुगी दुनिया की स्थापना का दिव्य कर्म कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया।

अंबाला। पिलखनी गांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व ग्रामीण।

एनएसएस शिविरः छात्रों ने मचाया धमाल वेस्ट मेटिरियल से तैयार किए गमले

हरभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार के नेतृत्व में सभी वॉलंटियर्स ने वेस्ट मटेरियल से गमले तैयार किए। इस अवसर पर जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक अंबाला विजय कुमार एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें वॉलंटियर्स ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारा देहरा के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर रहे, जिन्होंने सभी वॉलंटियर्स को प्रेरित किया। इस मौके पर वॉलंटियर अनुष्का चौहान ने कविता के माध्यम से शिविर की विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया, जबकि निशा ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भाषण दिया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें अनुष्का चौहान, नाजय़ी, हिमानी, शिवांशी और साक्षी ने नृत्य प्रस्तुत किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005